>

Title: Problems being faced by the farmers displaced by Paschimanchal Goal Company, a subsidiary of Coal India Limited.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : सभापति महोदय, मैं कोल इंडिया की पश्चिमांचल इकाई, जिसका नागपुर में हैडक्वार्टर है, वहां पर विस्थापित किसानों की भूमि अर्जित करने के बाद उन्हें नौकरी देने के लिए वहां के अधिकारीगण मना कर रहे हैं। वहां 47 परिवार अनशन करने के लिए बैठे हैं और उनमें से एक विस्थापित परिवार ने नौकरी न मिल पाने की वजह से पॉयजन खाकर आत्महत्या करने का प्रयास भी किया।

मैं आपके माध्यम से सरकार से और विशेषकर कोल मंत्रालय से विनती करता हूं कि जिन विस्थापितों की जमीन अर्जित की जाती है, उन्हें नौकरी देने का प्रावधान है। लेकिन जिस समय इन लोगों की भूमि अर्जित की गई थी, उस समय इनके परिवार में जो लड़के हैं, वे माइनर थे, अभी मेजर होने के बाद उन्होंने इम्पलायमैन्ट मांगा है तो वहां के अधिकारी कहते हैं कि हम उस वक्त ऑफिस में नहीं थे, यहां और कोई अधिकारी होंगे। इसलिए हम नौकरी नहीं दे सकते। इस तरह से उन लोगों के साथ छल और अन्याय किया जा रहा है। मैं सदन के सामने इस विषय को इसलिए रख रहा हूं, क्योंकि वहां पर 47 परिवार अनशन कर रहे हैं, उनकी जान को खतरा हो सकता है। उनमें से एक के द्वारा आत्महत्या करने का प्रयास किया जा चुका है। ये सब लोग यवतमाल जिले के विस्थापित हैं। मैं समझता हूं कि कोल इंडिया को इनकी तरफ ध्यान देना चाहिए और कोल मंत्रालय के द्वारा इन लोगों को नौकरी देने हेतु आदेश देने चाहिए, यही मेरी सरकार से विनती है।